राजस्थान सरकार
निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर
वित्त भवन, ए–ब्लॉक, ज्योति नगर जनपथ, जयपुर–302005
(दूरभाष नं0:–0141–2740837, फैक्स 0141–2742309, ई–मेल: jacct.dta@rajasthan.gov.in)

क्रमांक :– एफ.4(ई)(1)(6)क.ले.भर्ती(2023)/अलेरो–III/1197 दिनांक :–22.10.24

–:कार्यालय आदेश:–

कनिष्ठ लेखाकार एवं तहसील राजस्व लेखाकार संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा–2023 दस्तावेज सत्यापन

कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा आयोजित कनिष्ठ लेखाकार एवं तहसील राजस्व लेखाकार भर्ती परीक्षा 2023 में पात्रता जांच हेतु सूचीबद्ध अभ्यर्थियो के दस्तावेज सत्यापन का कार्य निदेशालय, कोष एवं लेखा विभाग द्वारा चरणबद्ध रूप से किया जा रहा है। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा दिनांक 22.10.2024 से 24.10.2024 तक समान पात्रता परीक्षा(सीनियर सैकण्डरी स्तर)–2024 का आयोजन किया जा रहा है। तृतीय चरण के दस्तावेज सत्यापन कार्यकम के दौरान दिनांक 22.10.2024 से 24.10.2024 तक समान पात्रता परीक्षा(सीनियर सैकण्डरी स्तर)–2024 में भाग लेने वाले अभ्यर्थी जिनका उक्त दिनांक में दस्तावेज सत्यापन निर्धारित है, तथा वे समान पात्रता परीक्षा(सीनियर सैकण्डरी स्तर)–2024 में भाग लेना चाहते हैं उनको सूचित किया जाता है कि वे अपने दस्तावेजों का सत्यापन अन्य दिनांक को करवाने हेतु निदेशालय की ई–मेल आईडी–jacct.dta@rajasthan.gov.in पर अपना आवेदन प्रेषित कर सूचना भिजावें। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि किसी अभ्यर्थी की समान पात्रता परीक्षा प्रातःकालीन पारी में है तो वह अभ्यर्थी अपना दस्तावेज सत्यापन उसी दिनांक को अपराह्न पारी में उपस्थित होकर करवा सकता है। अथवा अपराह्न पारी में समान पात्रता परीक्षा है तो वह अभ्यर्थी अपना दस्तावेज सत्यापन उसी दिनांक प्रातःकालीन पारी में करवा सकता है।

(भूपेश माथुर)
निदेशक एवं पदेन
संयुक्त शासन सचिव
दिनांक :– 22.10.24

e-mail Id- jacct.dta@rajasthan.gov.in